सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक- 12.09.2023

इटावा पुलिस द्वारा बकरी चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 02 बकरी व 4200/- रुपये (बकरियों को बेचकर अर्जित किये गये) बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी विनोद कुमार पुत्र देशराज सिंह निवासी सूखाताल नवर द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि दिनांक 21.08.2023 की रात्रि को उसके घर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 07 बकरियों चोरी कर ली गयी है। सूचना के आधार पर थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 196/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया । इसी प्रकार दिनांक 08.09.2023 की रात्रि को चन्द्रप्रकाश पुत्र कमल सिंह निवासी उधन्नपुरा थाना इकदिल के घर से 02 बकिरयां अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गयी थी जिसके संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 214/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरणः-

जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 12.09.2023 को थाना इकदिल पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर ग्राम सूखाताल नवर एवं ग्राम उधन्नपुरा से बकरी चोरी करने वाले **02 अभियुक्तों को चोरी की गयी 02 बकरिय़ों एवं अर्जित किये गय़े 4200/- रुपये सहित इकदिल ओवरब्रिज के नीचे से समय 09.30 बजे** गिरफ्तार किया गया।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 196/23 धारा 379,411 भादवि थाना इकदिल जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 214/2023 धारा 379,411 भादवि थाना इकदिल जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

01. मुकेश कुमार पुत्र श्री रामबाबू नागर निवासी ग्राम निहाल सिंह चन्द्रपुरा थाना लवेदी जनपद इटावा उम्र 35 वर्ष।

02. योगेश कुमार पुत्र श्री सुरेशचन्द्र नागर निवासी ग्राम चडरऊआ पाता थाना फफूंद जनपद औरैया उम्र 19 वर्ष

बरामदगी का विवरणः-

01. 02 बकरी **(चोरी की गयी)**

02. 4200/-(बकरी बेचकर अर्जित किये गये)

पुलिस टीमः- **निरी0 श्री दीपक कुमार प्रभारी थाना इकदिल, उ0नि0 राजवीर सिंह, उ0नि0 नागेन्द्र सिंह, का0 राजकुमार, का0 नितिन कुमार ।**